5th Montfort Cup Interschool Girls Cricket Tournament 2025

The 5th edition of the prestigious **Montfort Cup Interschool Girls Cricket Tournament 2025** concluded in thrilling fashion at St. Montfort School, Bhopal Grounds on 26th April 2025 celebrating yet another successful year of nurturing young talent and promoting girls' cricket at the school level.

This year's tournament saw participation from **6 girls' teams** representing schools namely St. Paul, Anand Vihar, St. Raphael's and Sagar Public School across Bhopal, including two teams of St. Montfort school namely Team A & Team B also competed for the tournament. The competition, held from **April 25 to April 26**, was played in a knockout format with great enthusiasm and sportsmanship displayed throughout.

In a nail-biting final match, **St. Paul School,** emerged as the champions, defeating St. Montfort School, by **1 run**. **Player of the Tournament** was awarded to **Labhdi Lahare of St. Paul School** for her consistent all-round performance.

The closing ceremony was graced by **Rev. Bro. Monachan K.K.**, Principal of the School, and the chief guest **Dr. Diksha Singh**, Bhopal senior division women's cricket coach, who inspired the young players with her words of encouragement.

The Montfort Cup continues to grow in stature and remains a platform that celebrates young female cricketers and encourages the development of women's sports at the grassroots level.

By Mr. Krishna Kapil

पांचवा मोंटफोर्ट कप अंतर विद्यालयीन बालिका क्रिकेट टूर्नामेंट 2025

प्रथम दिवस

सेंटमोंटफोर्ट विद्यालय पटेल नगर भोपाल में दो दिवसीय (दिनांक 25 और 26 अप्रैल 2025)बालिका अंतर विद्यालयीन क्रिकेट टूर्नामेंट कप का आयोजन किया गया।इस टूर्नामेंट में भोपाल नगर के चार विद्यालयों ने भाग लिया। वे विद्यालय थे - सेंट पॉल स्कूल भोपाल,आनंद विहार स्कूल भोपाल,एसपीएस कटारा विद्यालय भोपाल एवं सेंट रेफल विद्यालय भोपाल। .साथ ही मोन्टफोर्ट विद्यालय की दो टीमें ए और बी भी शामिल थीं।इस प्रकार कुल 6 टीमों नेभाग लिया।प्राचार्य जी के अभिनंदन एवं स्वागत के बाद दीप प्रज्वलन के साथ में प्रार्थना गीत प्रारंभ किया गया इसी प्रार्थना के साथ मोन्टफोर्ट टीम की कप्तान दिव्यांशी सक्सेना ने सभी खेलों को ईमानदारी एवं सहयोग की भावना से खेलने की शपथ दिलाई।

तदपश्चात प्राचार्य आदरणीय ब्रदर मोनाचन के के जी ने अपने भाषण में सभी को खेल भावना से खेलने के लिए प्रेरित किया। एवं सभी को शुभकामनाएं देते हुए सभी टीमों का परिचय लिया। साथ ही टूर्नामेंट को प्रारंभ करने की घोषणा की।इसी के साथ ही खेल आरंभ हो गया।

टीमें आपस में खेलते हुए हार जीत के पैमाने को नापते हुए आगे बढ़ी।

खेल के अंतिम दिनके अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में डॉक्टर दीक्षा सिंह खेल अधिकारी सरकारी महाविद्यालय बरखेड़ा से पधारीं। विद्यालय के प्राचार्य जी द्वारा डॉक्टर दीक्षा सिंह जी का नव विकसित पौधे से स्वागत किया गया।आपनेअपने उद्बोधन में जीती हुई टीम को बधाइयां एवं शुभकामनाएं देते हुए अपने लक्ष्य की ओर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। एवं खेल भावना जीवन में काम आती है यह शिक्षा दी। अपनी बुद्धिमत्ता एवं प्रतिभा का परिचय देते हुए सेंट पॉल विद्यालय की छात्राओं ने बाजी मारी एवं सेंट मोन्टफोर्ट कप पर अपना अधिकार जमा लिया।इसी क्रम मेंमुख्य अतिथि महोदया जी ने विजयी टीमों को एवं उपविजेता टीमों को मेडल एवं ट्रॉफी वितरित की।तत्पश्चात विद्यालय के प्राचार्य जी ने भी विजई एवं उपविजेता टीमों को शुभकामनाएं और बधाइयां दीं साथ ही मुख्य अतिथि महोदया को प्रतीक चिन्ह भेंट किया। विजेता टीम सेंट पॉल विद्यालय की कप्तान ला ब्धी लहारे को प्लेयर ऑफ दी टूर्नामेंट घोषित कर ट्रॉफी से नवाजा गया।उनकी कोच श्रीमती संगीता मैम ने अपनी टीम को एवं उपविजेता टीम को भी बधाइयां दीं।

इस दो दिवसीय टूर्नामेंट को सफल बनाने मेंसेंट मोंटफोर्ट विद्यालय के खेलकूद विभाग कीसुश्री ममता मैडम ने अपनी अहम भूमिका निभाई।साथ ही कैलाश सर ,प्रज्ञा मैंम एवं सभी सदस्यों ने पुरजोर मेहनत की I

तत्पश्चात माध्यमिक विभाग कीहेड गर्ल अनन्या गौर ने पधारी हुई मुख्य अतिथि महोदय एवं सभी मेहमानों का ,शिक्षकों का एवं विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया। उसके बाद मुख्य अतिथि महोदय द्वारा कार्यक्रम को समाप्त करने की घोषणा की गई।अंत में राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

रेखा श्रीवास्तव